मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 98 ■ रविवार, 29 जून 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'कांटा लगा' फेम शेफाली जरीवाला का निधन

## अंबरनाथ का चिखलोली डैम हुआ ओवरफ्लो



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व के हजारों लोगों को जलापूर्ति करने वाला चिखलोली डैम इस वर्ष जून महिने में ही ओवरफ्लो हो गया है. इस वर्ष मई महिने से ही जोरदार बारिश शुरू हो गई थी.

इस डैम के भर जाने से उम्मीद की जा रही है कि शहर पूर्व में इस वर्ष लोगों को नियमित पानी मिलेगा. पर्यटन के लिए इस डैम के आसपास पर्यटकों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है.

बारवी डैम में भी गत वर्ष के मुकाबले दुगुना पानी है. गत वर्ष 25% पानी था. इस वर्ष डैम में 50% पानी जमा है. इतनी बड़ी खुशखबरी होते हुए शहरवासियों की शिकायत है कि उन्हें दो से तीन दिन तक पानी नहीं मिल रहा है.

# ठाणे-कल्याण-भिवंडी मेट्रो-5 होगी भूमिगत

## भूमिगत मेट्रो के साथ-साथ नए फ्लाईओवर के निर्माण के लिए एक अलग परियोजना लागू करें –मुख्यमंत्री फडणवीस







**मुंबई.** यातायात की भीड़ का स्थायी समाधान खोजने और शहर के समग्र, तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास के लिए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाणे-कल्याण-भिवंडी मेट्रो-5 की समीक्षा बैठक में एक भूमिगत मेट्रो के साथ सड़क चौड़ीकरण और एक नए फ्लाईओवर के निर्माण की एक अलग परियोजना को लागू करने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा क्रियान्वित की जा रही मेट्रो लाइन-5 परियोजना के माध्यम से ठाणे, भिवंडी, कल्याण और उल्हासनगर क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को तेज, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी। विकासशील शहरों और औद्योगिक केन्द्रों के लिए सार्वजनिक परिवहन और सड़कें दोनों ही पूरक हैं और इनके समानांतर क्रियान्वयन से विकास की गति बढ़ेगी। नागरिकों को अधिक लाभकारी सेवाएं मिल सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से भिवंडी शहर में कनेक्टिविटी में तेजी आएगी और इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मेट्रो परियोजना का विस्तार अब कल्याण से आगे उल्हासनगर तक किया जा रहा है। उल्हासनगर से आगे अंबरनाथ के पास चिखलोली उपनगरीय रेलवे स्टेशन तक लाइन का विस्तार करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। इससे अंबरनाथ, उल्हासनगर, शहाड और आसपास के क्षेत्रों के लाखों निवासियों के लिए मुंबई और ठाणे जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों तक यात्रा तेज हो जाएगी।

भिवंडी मुंबई महानगर क्षेत्र में माल परिवहन के लिए एक विकास केंद्र बन रहा है। सरकार इस शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी सुझाव दिया कि शहर में मेट्रो लाइन के कार्य के संबंध में जनप्रतिनिधियों के सुझावों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। मेट्रो पर काम करते समय सुरंग निर्माण कार्य का सत्यापन 'डीप टनल' तकनीक का उपयोग करके किया जाना चाहिए। उन्होंने डबल टनल तकनीक का उपयोग कर सड़कों और मेट्रो लाइनों के निर्माण कार्य का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए।



बैठक में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, अतिरिक्त महानगर आयुक्त अश्विन मुदगल, नगर विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता, भिवंडी निजामपुर नगर निगम आयुक्त अमोल सागर, कल्याण डोंबिवली नगर निगम आयुक्त अभिनव गोयल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने प्रस्तुति दी।

### ■ मुख्य विशेषताएं:

- **लंबाई:** कुल 34.23 किमी. इसमें मेट्रो रूट-5 फेज 1 (11.90 किमी), मेट्रो रूट-5 फेज 2 (10.5 किमी) और मेट्रो रूट-5ए (11.83 किमी) शामिल हैं।
- **स्टेशन:** 19 स्टेशन (1 भूमिगत और बाकी ऊंचे)
- **ट्रेन संरचना:** 6-डिब्बे वाली ट्रेन।
- **प्रस्तावित डिपो:** काशेली में (26.93 हेक्टेयर)।
- **इंटरचेंज स्टेशन:** कल्याण स्टेशन (मेट्रो लाइन 12 के साथ) और कपूरबावड़ी (मेट्रो लाइन 4)।

**मेट्रो रूट-5 चरण 2 (धामणकर नाका-दुर्गाडी)**

- लंबाई: लगभग 10.50 किमी.
- इस चरण में 6 स्टेशन हैं, जिनमें 1 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं।
- इस चरण में मेट्रो लाइन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है और भूमि अधिग्रहण किया जाएगा।

**मेट्रो रूट 5A (दुर्गाडी से कल्याण और उल्हासनगर)**

- लंबाई: 11.83 किमी. इसमें दो कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, दुर्गाडी से कल्याण (6.557 किमी, 4 स्टेशन) और उल्हासनगर कनेक्शन (5.272 किमी, 3 स्टेशन)। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है।

**परियोजना की अनुमानित लागत:**

- मेट्रो रूट 5: 8417 करोड़ रुपये और मेट्रो रूट 5ए: 4063 करोड़ रुपये

## ठाणे सिविल सर्जन ने किया छाया अस्पताल का दौरा



### ■ अस्पताल में अब ज्यादा सुधार की उम्मीद

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के सरकारी बी. जी. छाया उप जिला अस्पताल में ठाणे कि सिविल सर्जन कैलाश पवार ने शुक्रवार शाम में दौरा करके जायजा लिया. दवाइयों की कमी, डॉक्टरों का समय पर नहीं आना, पोस्टमार्टम के लिए परमानेंट स्वीपर नहीं, इन सब बातों को देखते हुए उन्होंने तुरंत अस्पताल में बेड शीट और चादरों का आर्डर दिया. पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर ने सिविर सर्जन से छाया अस्पताल का दौरा करने की विनती करने पर शुक्रवार शाम में उन्होंने दौरा करके अस्पताल में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की. इस मौके पर डॉ. घाटकर, डेन उषा बनगर आदि उपस्थित थे.

उमर इंजीनियर ने उन्हें जानकारी दी कि सोनोग्राफी कई दिनों से बंद है. कान, नाक का डॉक्टर अस्पताल में आता है, लेकिन दवाइयां उपलब्ध नहीं है. हड्डी का डॉक्टर है, लेकिन प्लास्टर उपलब्ध नहीं है. छाया अस्पताल में लागए गए लाशों के पोस्टमार्टम के लिए परमानेंट स्वीपर नहीं है. उसे बाहर से बुलाना पड़ता है. उसे सरकारी तौर पर पैसे ना मिलने पर वह संबंधितों से पैसे मांगता है. परमानेंट स्वीपर की मांग इंजीनियर ने सिविर सर्जन से की है.

डॉ. कैलाश पवार दो घंटे तक छाया अस्पताल में थे. अस्पताल में दाखिल मरीजों का कहना है कि उपचार करते समय दो-दो दिन डॉक्टर उनका चेकअप करने नहीं आते हैं. उमर इंजीनियर के कहने पर सिविल सर्जन के छाया अस्पताल दोरे से अस्पताल को दवाइयां, चादर, बेडशीट, नए डॉक्टर उपलब्ध होने की उम्मीद जताई जा रही है.

## मनपा में सफाईकर्मियों के रिक्त पदों पर होगी भर्ती

### ■ महाराष्ट्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष का दौरा



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष शरसिंह रुक्कनतसिंह थग्गर ने मनपा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को समझने के बाद आयुक्त मनीषा आव्हाले से इस विषय पर चर्चा की। थग्गर ने बताया कि आयुक्त ने अधिकतर मांगों पर सहमति जता दी है तथा सफाई कर्मचारियों के 56 रिक्त पदों को तीन माह के भीतर भरने का वादा किया है।

उल्हासनगर मनपा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को समझने, उनका समाधान करने और यह देखने का प्रयास कर रहा है कि उन्हें सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। इस संबंध में महाराष्ट्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष शरसिंह रुक्कनतसिंह थग्गर ने मनपा का दौरा किया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों, श्रमिक नेताओं, आयुक्त मनीषा आव्हाले और अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की।

मनपा ने 25 साल तक सेवा देने वाले सफाई कर्मचारियों को श्रम सफाई योजना के तहत मुफ्त मकान देने पर सहमति जताई है। आयुक्त मनीषा अव्हाले ने आयोग की मांगों को स्वीकार कर लिया, जिसमें उनका किराया कम करना, लाड-पागे समिति को लागू करना, स्वास्थ्य के लिए 10 लाख रुपए के कैशलेस कार्ड जारी करना, सरकारी सार्वजनिक अवकाश और साप्ताहिक अवकाश लागू करना, विकलांग श्रमिकों को उनकी विकलांगता के अनुपात में काम उपलब्ध कराना और शिक्षित सफाई कर्मचारियों को बढ़ावा देना शामिल है।

मनपा सहित सभी स्थानों पर ठेका मजदूरी प्रणाली लागू कर दी गई। महानगरपालिका सफाई कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों को सरकारी नियमों के अनुसार न्यूनतम वेतन पर अनुबंध के आधार पर नियुक्त कर रही है। सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने का ठेका केवल महानगरपालिका सफाई कर्मचारी को दिया जाना चाहिए। मनपा आयुक्त ने 56 रिक्त सफाई कर्मचारियों के पदों को भरने के निर्देश देते हुए तीन माह के भीतर पदों को भरने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयुक्त मनीषा आव्हाले, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, श्रमिक नेता चरणसिंह टाक, राजेंद्र अंडगले आदि उपस्थित थे।

## ठाणे में बनेगी आनंद दिघे की 42 मीटर ऊंची प्रतिमा

**ठाणे.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने ठाणे शहर में अपने गुरु आनंद दिघे की 42 मीटर ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की है। उन्होंने शिवाजी मैदान में वॉच टावर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन के दौरान यह घोषणा की।पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार एकनाथ शिंदे ने कहा कि जीर्णोद्धार किए जाने वाले क्षेत्र में न केवल भव्य प्रतिमा होगी, बल्कि विभिन्न सुविधाएं भी होंगी। लोकप्रिय शिवसेना नेता दिघे की अगस्त 2001 में एक दुर्घटना में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी।

## उल्हासनगर में 7 कर्मचारी स्थायी सेवा में





**उल्हासनगर.** स्थायी सेवा में शामिल किए जाने के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे महाराष्ट्र में समग्र शिक्षा अभियान के ठेका कर्मचारियों को आखिरकार न्याय मिल गया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के अंतिम दिन एकनाथ शिंदे द्वारा इन कर्मचारियों को स्थायी सेवा में शामिल करने का निर्णय लागू किया गया। इसके अनुसार उल्हासनगर महानगरपालिका के सात कर्मचारी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अभियान के संविदा कर्मचारियों को स्थायी रूप से बहाल करने का आदेश दिया था। इस संबंध में मंत्रालय में कई बैठकें हुईं। हालाँकि, इसे लागू नहीं किया गया।

तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक में उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया था। अंतिम दिन महाराष्ट्र में समग्र शिक्षा अभियान के 2,984 संविदा कर्मचारियों को स्थायी रूप से नौकरी देने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया।

समग्र शिक्षा अभियान की समन्वयक संगीता काले ने जवाब दिया कि एकनाथ शिंदे संवेदनशील हैं और यह उनकी वजह से संभव हुआ है।

सात कर्मचारियों को स्थायी सेवा में शामिल करने के निर्णय में उल्हासनगर में समग्र शिक्षा विभाग की समन्वयक संगीता काले, विशेष विशेषज्ञ अमोल साबले, विशेष विशेषज्ञ योगिता होल्गीर, विशेष शिक्षिका राजश्री पाटिल, विशेष शिक्षक नामदेव भालेराव, विशेष शिक्षिका हर्षदा नक्षीवाले और मनीषा पवार शामिल हैं।

## अंबरनाथ में कांग्रेस की सरगर्मियां तेज

### ■ शहर पश्चिम व पूर्व में कार्यालय का उद्घाटन





अंबरनाथ. आगामी चुनाव को देखते हुए अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस ने अपनी सरगर्मियां तेज कर दी हैं. शहर पश्चिम और पूर्व में वार्ड जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया जा रहा है. शुक्रवार को शहर पश्चिम बुवापाड़ा वार्ड क्र. 8 में एवं पूर्व में शंकर गायकवाड़ के कार्यालय का उद्घाटन किया गया. वार्ड 8 के अध्यक्ष सलीम खान द्वारा 750 विद्यार्थियों को कापियां वितरित की गईं. इस अवसर पर अध्यक्ष कृष्णा पाटिल ने कहा कि आगामी चुनाव के लिए वह पूरी तरह तैयार हैं. कांग्रेस पक्ष में कार्यकर्ता प्रवेश कर रहे हैं. पक्ष भी मजबूत हो रहा है. कांग्रेस के सचिव रोहित प्रजापति ने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पक्ष से गद्दारी करके दूसरे पक्ष में चले गए. वह समझ रहे थे कि शहर में अब कांग्रेस पक्ष कमजोर हो गया है. लेकिन पाटिल के नेतृत्व में कांग्रेस और भी मजबूती की ओर जा रहा है. उत्तर भारतीय बहुल इलाका बुवापाड़ा में सलीम खान के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन अध्यक्ष कृष्णा पाटिल के हाथों हुआ. उस समय भारी भीड़ मौजूद थी. सलीम खान ने कहा है कि वह जनता की इसी तरह सेवा करते रहेंगे. इससे पूर्व इसी परिसर में उन्होंने जनता को मुफ्त सेवा प्रदान करने के लिए रुग्णवाहिका को लोकार्पण किया था. कार्यालय उद्घाटन के समय अनिता प्रजापति, देवडे आदि उपस्थित थे.

## अंबरनाथ में पेड़ से लटका मिला शव

**अंबरनाथ.** शनिवार को चिखलोली डैम के पास शिवाजी नगर पुलिस को एक झाड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश लटकते हुए मिली है. इस अज्ञात व्यक्ति ने झाड़ की डाली में रस्सी बांध कर गले में फांसी लगाकर आत्महत्या की है. उसकी आयु लगभग 48 वर्ष बताई गई है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये व्यक्ति कौन है और उसने आत्महत्या क्यों की है?


## उल्हासनगर के नाले में तैरता हुआ शव बरामद



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में एक बेहद चौंकाने वाली घटना घटी है। यहां एक युवक का शव नाले में तैरता हुआ मिला है। स्थानीय लोगों ने देखा कि उल्हासनगर 2 के हीरा मैरिज हॉल के पास नाले में एक अज्ञात युवक का शव तैर रहा है। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच गई है और युवक के शव को निकालने का काम जारी है।इस बीच यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की हत्या कर उसका शव नाले में फेंका गया है या फिर नाले में गिरकर उसकी मौत हुई है। साथ ही पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह युवक कौन है और कहां का रहने वाला है।

## डोंबिवली में 65 अवैध इमारतों को सरकार से राहत नहीं?

### ■ पहले भूमाफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजें



**कल्याण.** महारेरा रजिस्ट्रेशन नंबर लेकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर डोंबिवली में बनी 65 अवैध इमारतों को गिराने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है। अगर सरकार और महानगर पालिका इस कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर इन अवैध इमारतों को बचाने की कोशिश करती है, तो कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए सरकार इन अवैध इमारतों के मामले में सुरक्षा प्रदान करने के मामले में कोई ठोस रुख नहीं अपना सकती। इसके विपरीत, इन अवैध निर्माणों को अंजाम देने वाले बिल्डरों और आर्किटेक्टों के खिलाफ तुरंत एमआरटीपी और आपराधिक मामला दर्ज करने की कार्रवाई शुरू करें, ऐसा राज्य सरकार के एक बहुत वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ महानगर पालिका अधिकारियों के साथ एक औपचारिक बैठक में कहा। बैठक में मौजूद एक विशेष सूत्र ने यह जानकारी दी है. चूंकि यह एक औपचारिक बैठक है, इसलिए कोई भी इस बारे में खुलकर बात करने को तैयार नहीं है।

पिछले साल नवंबर में बॉम्बे हाईकोर्ट ने डोंबिवली में महारेरा रजिस्ट्रेशन मामले में 65 अवैध इमारतों को गिराने का आदेश दिया था। राजनीतिक नेताओं ने रैलियां और विरोध प्रदर्शन किए ताकि इन अवैध इमारतों के निवासी सड़कों पर उतर आएं। 65 अवैध इमारतों में से 40 के निवासियों ने इमारतों को महानगर पालिका और सरकार के साथ नियमों के अनुपालन में लाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। जब राजनीतिक नेताओं ने 65 अवैध इमारतों का मामला उठाया तो महानगर पालिका के अधिकारियों ने चुप रहना ही बेहतर समझा।

महानगर पालिका को नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच इन संरचनाओं को गिराना था। चूंकि महानगर पालिका ने इन अवैध संरचनाओं को नहीं गिराया, इसलिए याचिकाकर्ता संदीप पाटिल ने महानगर पालिका और सरकारी अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश को लागू नहीं करने के लिए संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। जैसे ही यह प्रक्रिया शुरू हुई, मनपा के सहायक आयुक्त ने निवासियों को इमारतें खाली करने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं। इस कार्रवाई से सरकार और महानगर पालिका के अधिकारी हिल गए हैं।

### मंत्रालय में बैठक

65 अवैध इमारतों के भू-माफिया, आर्किटेक्ट और निवासियों ने कल्याण और डोंबिवली के कुछ जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर इस मामले में राहत पाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। चूंकि अवैध निर्माण के मुद्दे पर अदालतें सख्त हो गई हैं, इसलिए कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर खुलकर पक्ष रखने को तैयार नहीं है। मंगलवार दोपहर कल्याण लोकसभा क्षेत्र के दो जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में 65 अवैध इमारतों से संबंधित निवासियों और आर्किटेक्ट्स ने मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय अधिकारी से मुलाकात की।

इस बैठक में, चूंकि अदालत का आदेश है, इसलिए सरकार डोंबिवली की 65 इमारतों को बचाने की पहल नहीं करेगी। अगर ऐसा हुआ तो उन्हें अदालत की अवमानना की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, ऐसा एक सरकारी अधिकारी ने कहा। 65 इमारतों के निवासियों को एक सोसायटी बनानी चाहिए। इसका पंजीकरण होना चाहिए। जो इमारतें नियमों का पालन करती हैं, उन्हें नए प्रस्ताव तैयार करने चाहिए।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने महानगर पालिका को निर्देश दिया कि इन अवैध इमारतों का निर्माण करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ तुरंत एमआरटीपी मामले दर्ज करें और यह सुनिश्चित करें कि वे जेल जाएं, क्योंकि यह अदालत के ध्यान में लाया जा सकता है कि हमारी प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार चल रही हैं।

## नौकरी से निकाले जाने पर रिकवरी एजेंट पर हमला

### ■ घायल का उपचार सेंट्रल अस्पताल में
### ■ आरोपियों की तलाश जारी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक रिकवरी एजेंट पर उसके लिए काम करने वाले युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया। हमले में घायल हुए रिकवरी एजेंट का नाम कुणाल रोहरा है। कुणाल उल्हासनगर 4 के नेताजी चौक से दोपहिया वाहन पर जा रहा था, तभी हृदय करमचंदानी और नील सिंह समेत 20 से 25 लोगों के एक गिरोह ने उसे रोका और धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में कुणाल गंभीर रूप से घायल हो गया है। कुणाल को फिलहाल उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुणाल जब रिकवरी एजेंट के तौर पर काम करता था, तब नील सिंह उसके लिए काम करता था, लेकिन कुणाल ने उसे नौकरी से निकाल दिया। इससे गुस्साए नील ने अपने साथियों की मदद से कुणाल पर हमला कर दिया। इस हमले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## पंजाब में नशे का नेटवर्क

पंजाब पिछले दो दशक से नशाखोरी की चपेट में है। मादक पदार्थों की लत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है। गांवों तक पहुंच चुके तस्कर उनके लिए मौत के सौदागर बन गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के प्रयास और संकल्प के बावजूद समस्या गहराती चली गई है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में इसे राजनीतिक मुद्दा भी बनाया गया। मगर सच यह है कि नशाखोरी पर लगाम लगाने में किसी दल की राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई नहीं देती। जब भी नशे के खिलाफ अभियान चलता है, तो पर्दे के पीछे से कई लोग बाधक बन जाते हैं।

ऐसे आरोप आम रहे हैं कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के तार राजनीति से जुड़े हैं। अकाली दल के नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। उन पर मादक पदार्थों से अर्जित 540 करोड़ से अधिक राशि को कई माध्यमों से शोधन करने का आरोप है। सवाल है कि पंजाब के युवाओं को खोखला करने में लगे वे कौन लोग हैं, जिन पर काबू पाना मुश्किल बना हुआ है। अब पंजाब की मौजूदा राजनीति और आने वाले विधानसभा चुनाव पर मजीठिया की गिरफ्तारी का जो भी असर पड़े, लेकिन इससे एक व्यापक तंत्र का संकेत जरूर मिलता है।

हालांकि मादक पदार्थों के कारोबार को संरक्षण देने के मामले को लेकर राजनीतिकों पर जब-तब सवाल उठते रहे हैं। लेकिन युवाओं के भविष्य का हवाला देकर राजनीति करने वाले लोग ही अगर नशाखोरी को बढ़ावा देंगे, तो कैसी युवा पीढ़ी तैयार होगी? सतर्कता जांच के बाद मादक पदार्थों के कारोबार में बिक्रम सिंह मजीठिया के लिप्त रहने के आरोप ने इस आशंका को बल दिया है कि क्या इस मामले में कुछ और चेहरे छिपे हुए हैं।

आखिर क्या वजह है कि पिछले एक दशक से लगातार अभियान चलाने के बावजूद अपनी जड़ें जमाए नशे के सौदागर काबू नहीं आ रहे? हैरत की बात है कि राज्य में जब भी नशे का मुद्दा उठा, मजीठिया का नाम भी चर्चा में रहा। पिछले विधानसभा चुनाव में भगवंत मान ने उनको निशाने पर लिया था। अब उन पर कार्रवाई के बाद अकाली नेता इसे राजनीतिक प्रतिशोध बता रहे हैं। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि राजनीतिक बयानबाजी में असल मुद्दा पीछे न छूट जाए।

# आतंक के विरुद्ध भारत की दृढ़ता, नहीं कर सकते अनदेखी

चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन आतंक के खिलाफ भारत की दृढ़ता के लिए याद किया जाएगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के उस संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया जिसमें पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख तो नहीं था, उलटे बलूचिस्तान का संदर्भ जोड़ दिया गया था।

भारत का यह रुख पहलगाम आतंकी हमले के बाद से कायम उसके रवैये के अनुरूप ही है कि आतंक के साथ अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अगर भारत किसी मंच पर इसे लेकर अलग-थलग भी पड़ जाए तो उसे उसकी कोई परवाह नहीं। इससे पहले आपरेशन सिंदूर के बाद भी विभिन्न देशों में भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से भी भारत ने वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने का जोरदार अभियान चलाया था। एससीओ के मंच पर भी भारत ने उसी नीति की निरंतरता को प्रदर्शित किया।

मूल रूप से चीन के वर्चस्व वाले एससीओ का भारत काफी समय बाद सदस्य बना है। पाकिस्तान भी इसका सदस्य है। इस समूह के प्रमुख उद्देश्यों में से एक यह भी है कि आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ वह क्षेत्रीय सहयोग के लिए आधार तैयार करने की भूमिका निभाएगा, लेकिन इसकी कार्यप्रणाली उसके चरित्र से मेल नहीं खाती। समय के साथ इस संगठन में चीन का वर्चस्व और बढ़ता गया है। इसका एक कारण



बदले हुए वैश्विक समीकरणों में रूस पर लगे तमाम प्रतिबंध भी हैं, जिनके चलते मास्को की बीजिंग पर निर्भरता बढ़ी है।

अन्यथा रूस भी इस समूह में एक संतुलक की भूमिका निभाता रहा है। बढ़ते दबदबे का लाभ चीन अपने निहित स्वार्थों को साधने में कर रहा है। पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन इसकी पुष्टि करता है। यह किसी से छिपा नहीं है कि आतंकवाद को लेकर चीन कई मौकों पर पाकिस्तान की ढाल बना है और ऐसा ही एक प्रयास उसने एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भी किया। यह इससे स्पष्ट झलकता है कि पहलगाम के जिस आतंकी हमले की दुनिया भर में कड़ी भर्त्सना हुई उसका उल्लेख तक एससीओ दस्तावेज में नहीं किया गया।

उलटे उस बलूचिस्तान का प्रसंग जोड़ा गया जहां पाकिस्तानी सेना द्वारा स्थानीय लोगों का बर्बरता से किया जा रहा दमन मानवीय उत्पीड़न के नए रिकार्ड बना रहा है। पहलगाम का संदर्भ हटाकर और बलूचिस्तान का मुद्दा जोड़ने की यह कवायद भारत को असहज करने के लिए ही की गई और ऐसी स्थिति में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर से किनारा करके बिल्कुल सही किया। असहमति के इस संदेश की गूंज दुनिया भर में सुनी जाएगी।

चीन और पाकिस्तान को लेकर अक्सर कहा जाता है कि भारत को दो मोर्चों पर लड़ाई के लिए अपनी तैयारी करनी होगी, लेकिन देखा जाए तो यह दोहरा नहीं, बल्कि एक ही मोर्चा है। हम चीन और पाकिस्तान को अलग करके नहीं देख सकते। चीन का पाकिस्तान प्रेम इस कदर बढ़ चुका है कि उसके लिए वह कोई भी कदम उठाने को तैयार दिखता है।

एससीओ के हालिया सम्मेलन की ही बात करें तो किसी भी संगठन में चेयर या प्रमुख की भूमिका वाले देश का एक दायित्व यह भी होता है कि वह समूह के समक्ष आए एजेंडे पर सहमति बनाए। यदि सहमति न भी बना पाए तो ऐसा करने के लिए प्रयासरत तो दिखना चाहिए, लेकिन रक्षा मंत्रियों की बैठक से जुड़े संयुक्त बयान के मामले में चीन ने ऐसी कोई कोशिश तक नहीं की। दोनों देशों की यह मिलीभगत यह दुरभिसंधि दर्शाती है, जिसका भारत को समय रहते कोई तोड़ खोजना होगा। पाकिस्तान के साथ निपटना भारत के लिए कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन उसे मिलता चीन का साथ इस चुनौती को और विकराल बनाता जाएगा।

भारत और चीन के संबंधों में भी लंबे समय से तल्खी हावी रही है। पिछले साल अक्टूबर में दोनों देशों के बीच वार्ता से संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कुछ सहमति बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति ने भी दोनों देशों को परस्पर हितों की पूर्ति के लिए साथ आने के लिए कुछ हद तक प्रेरित किया है। परिणामस्वरूप संबंधों में कुछ सहजता का भाव बनता दिखा है।





जितना अधिक हम प्रभु के और अपनी आत्मा के नजदीक आते हैं, उतना ही अधिक हम दूसरों की तकलीफों के प्रति करुणा से भर जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# तीर्थ बन गए हैं त्रासदी के ठिकाने

तीर्थस्थल लोगों की आस्था के साथ-साथ पर्यटन, रोजगार और राजस्व अर्जन के महत्त्वपूर्ण केंद्र होते हैं। अपेक्षा की जाती है कि ऐसी जगहों पर लोगों की आवाजाही, रुकने-ठहरने, खाने-पीने की समुचित और सुविधाजनक व्यवस्था हो। सरकारें तीर्थस्थलों के विकास और वहां श्रद्धालुओं-सैलानियों को आकर्षित करने का प्रयास करती हैं। इस दृष्टि से अनेक तीर्थस्थलों तक पहुंचने वाली सड़कों को चौड़ी करने, सुरंगों, उपरिगामी पुलों आदि के निर्माण, होटल, मोटेल आदि की सुविधाएं विकसित करने के प्रयास किए गए हैं। इसका असर भी नजर आता है। अनेक तीर्थस्थलों पर लोगों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। मगर इसके साथ ही इन जगहों पर कमाई की होड़ में कई अव्यवस्थाएं भी पनपी हैं।

इसका नतीजा यह है कि दुर्गम जगहों, पहाड़ों के तीर्थस्थलों पर हादसे बढ़े हैं, जिनमें हर वर्ष बहुत सारे श्रद्धालुओं-सैलानियों की जान चली जाती है। इस मामले में उत्तराखंड के तीर्थस्थलों पर अव्यवस्था की वजह से होने वाले हादसों को लेकर सबसे अधिक सवाल उठते हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से, दो महीनों के भीतर, सड़क दुर्घटनाओं, हेलिकाप्टर हादसे आदि की वजह से करीब साठ लोगों की जान जा चुकी है।



हालांकि प्रशासन का दावा है कि वह यात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रखता है, पर सच्चाई यह है कि अव्यवस्था के कारण चारधाम यात्रा में कई तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

यों, सैलानियों की बढ़ती तादाद और उनकी सुविधाओं के मद्देनजर किए जा रहे निर्माण कार्यों की वजह से उत्तराखंड के पर्यावरण को पहुंच रहे भारी नुकसान को लेकर लंबे समय से आवाजें उठती रही हैं। वहां के पहाड़ भंगुर हैं, निर्माण कार्यों और अतार्किक ढंग से बन रहे भवनों, सड़कों आदि के कारण उनमें दरारें पड़ने की शिकायतें आती रहती हैं। तेज बरसात में भूस्खलन से जब-तब तबाही के मंजर उपस्थित हो जाते हैं। इसलिए इस बात पर जोर दिया जाता रहा है कि वहां सैलानियों और पर्यटन संबंधी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए, उन्हें नियंत्रित और संतुलित किया जाए, ताकि अधिक भीड़भाड़ से असुविधाओं और जोखिम की स्थिति न बने। पर प्रशासन ने जैसे वहां कारोबारियों को मनमानी की छूट दे रखी है।

इसी का नतीजा है कि हेलिकाप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाले तय मानकों को ताक पर रखते हुए उड़ान भरते रहते हैं। यही हाल वहां टैक्सी आदि की सेवाएं उपलब्ध कराने वालों का है। हालांकि उत्तराखंड के तीर्थस्थल और पर्यटन स्थल इस मामले में अपवाद नहीं हैं, हर तीर्थस्थल पर कमोबेश यही हाल है।

जिन जगहों पर अधिक भीड़भाड़ इकट्ठा होने का अनुमान रहता है, वहां कायदे से लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के ठोस उपाय होने चाहिए। मगर ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर यात्रियों को उनके भरोसे छोड़ दिया जाता है। कहीं-कहीं कभी-कभार कुछ स्वयंसेवक, लोगों को संभालते देखे जाते हैं, पर भीड़ अधिक हो जाने पर वे भी अवश हो जाते हैं, जिसका नतीजा कई बार हादसों में सामने आता है।

अमरनाथ यात्रा की एक व्यवस्था बनी हुई है, जिसमें श्रद्धालुओं का पंजीकरण किया जाता है, उन्हें अलग-अलग समय पर आगे बढ़ने दिया जाता है। चारधाम यात्रा में भी अगर भीड़भाड़ काफी बढ़ती देखी जा रही है, तो वहां ऐसी ही कोई व्यवस्था क्यों नहीं की जाती, जिसमें यात्रियों को चरणबद्ध तरीके से रवाना किया जाए और सुरक्षित वापस लौटाया जा सके।

# 50 साल की महिला ने 22 साल के लड़के से की शादी

### जरा हट के

देखने में आता है कि ज्यादा उम्र के आदमी अक्सर अपनी बेटी की उम्र की लड़की से शादी करते दिखते हैं. वैसे तो समाज में यह अब ज्यादा चलन नहीं रह गया है. लेकिन अब भी प्यार में पड़े लोगों के बीच उम्र का इस तरह का काफी अंतर देखने को मिलता है. पर सवाल यही पैदा होता है कि क्या यह सही है. क्या यह सामाजिक और शारीरिक तौर के साथ साथ मानसिक तौर पर भी सही हो सकता है. पर एक युगल ने इस तरह कि एक मिसाल दी है. एक



वीडियो में एक 50 साल की महिला ने 22 साल के लड़के साथ शादी की है और वजह बताते हुए कहा है कि प्यार की कोई उम्र नहीं होती कोई सीमा नहीं होती है.

वैसे भी कहते हैं प्यार की उम्र नहीं होती है. इस बात को कई लोग चरितार्थ करते दिखते हैं. ऐसे बहुत से उदाहरण में हमें देखने को मिलते हैं क्योंकि उनकी मीडिया और सोशल मीडिया पर चर्चा हो ही जाती है. कई लोग तो ऐसे जोड़े का बहुत ही मजाक उड़ाते देखे जाते हैं. लेकिन प्रेम में पड़े ऐसे युगल इसकी परवाह नहीं करते दिखते हैं. वीडियो में भी ऐसा ही कुछ दिखता है.

### उम्र में बहुत अंतर

वीडियो में एकमहिला एक युवक के साथ दिख रही है. दोनों माला पहने हैं. महिला के माथे पर लंबा टीका दिख रहा है. एक शख्स उनका इंटरव्यू लेता दिखता लग रहा है. महिला बता रही है, "मेरी उम्र है 50 साल की, इनकी उम्र है 22 साल की. और हम दोनों प्यार करते थे और इसलिए हमने शादी कर ली है."

इस पर इंटरव्यू लेने वाला शख्स पूछता है, "तो इतना अंतर होते हुए भी आपने इतने कम उम्र के लड़के से क्यों शादी की?" इस पर महिला कहती है, "ऐसा कुछ नहीं है, प्यार की कोई सीमा नहीं होती है, ना ही कोई उम्र होती है." गौर करने वाली बात ये है कि महिला जहां सूट में दिख रही है, वहीं लड़का एक टीशर्ट पहने दिख रहा है. ऐसा लग रहा है जैसे कि दोनों ने मंदिर में शादी की है.

## खाना-खजाना

# दम आलू

वही लौकी जिसे अक्सर लोग सब्जी के तौर पर कम पसंद करते हैं, मगर पकौड़ों में एकदम अलग स्वाद देती है। ये न सिर्फ हल्के होते हैं बल्कि पौष्टिक भी होते हैं। ऐसे में, फिर देर किस बात की? आइए जानते हैं इन झटपट बनने वाले पकौड़ों की आसान विधि।

### सामग्री

- लौकी: 1 छोटी
- बेसन: 1 कप
- चावल का आटा: 2 बड़े चम्मच
- अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1 छोटा चम्मच
- हरी मिर्च: 1-2
- धनिया पत्ती: 2 बड़े चम्मच
- हल्दी पाउडर: 1/4 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: 1/2 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर: 1 छोटा चम्मच
- अमचूर पाउडर: 1/2 छोटा चम्मच



- हींग: चुटकी भर
- नमक: स्वादानुसार
- पानी: आवश्यकतानुसार
- तेल : तलने के लिए

### विधि

सबसे पहले लौकी को धोकर छील लें और कद्दूकस कर लें। कद्दूकस की हुई लौकी को हल्का निचोड़ लें ताकि एक्स्ट्रा पानी निकल जाए। इससे पकौड़े ज्यादा क्रिस्पी बनेंगे। अब एक बड़े कटोरे में बेसन, चावल का आटा, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और सभी सूखे मसाले (हल्दी, लाल मिर्च, धनिया, अमचूर, हींग और नमक) डालें। अब निचोड़ी हुई लौकी को इस मिश्रण में डालें और अच्छी तरह मिला लें। थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए गाढ़ा पकौड़े का बैटर तैयार करें। ध्यान रहे बैटर न ज़्यादा पतला हो और न ज्यादा गाढ़ा। फिर एक कड़ाही में तेल गरम करें। ध्यान रहे, तेल मीडियम गरम होना चाहिए। जब तेल गरम हो जाए, तो चम्मच या हाथ की मदद से छोटे-छोटे पकौड़े गरम तेल में डालें। एक बार में उतने ही पकौड़े तलें जितने आसानी से कड़ाही में आ जाएं। इसके बाद पकौड़ों को धीमी से मध्यम आंच पर सुनहरा और क्रिस्पी होने तक तलें। इन्हें पलटते रहें ताकि ये चारों तरफ से अच्छे से पक जाएं। तले हुए पकौड़ों को किचन पेपर पर निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा ऑयल निकल जाए। गरमागरम लौकी के क्रिस्पी पकौड़ों को हरी चटनी या टोमैटो सॉस और अपनी पसंदीदा अदरक वाली चाय के साथ परोसें।

# आज का राशिफल

**मेष** : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें।

**वृषभ** : कोर्ट व कचहरी में लाभ की स्थिति बनेगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पिछले लंबे समय से रुके कार्य बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रयास करें।

**मिथुन** : भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। कर्ज की रकम चुका पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे। आलस्य न करें। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर संयम रखें। अनहोनी की आशंका रहेगी। पारिवारिक जीवन सुख-शांति से बीतेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** : बेवजह दौड़धूप रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोई शोक समाचार मिल सकता है। अपेक्षित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। दूसरों को कार्य में हस्तक्षेप न करें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या** : सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नए काम करने की इच्छा बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। मनोरंजन का वक्त मिलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**तुला** : पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। शत्रुओं का पराभव होगा। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। रोजगार प्राप्ति होगी। किसी बड़ी समस्या का हल निकलेगा। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य अनुकूल है। लाभ लें। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। यात्रा में कोई चीज भूलें नहीं। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा। लाभ में कमी रह सकती है। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आलस्य न करें।

**मकर** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यवसाय में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। किसी अपने का व्यवहार दु:ख पहुंचाएगा। कानूनी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। योजना फलीभूत होगी। किसी बड़ी समस्या का हल एकाएक हो सकता है। प्रसन्नता रहेगी। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। आय में वृद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रमाद न करें।

**मीन** : कानूनी सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा। थकान महसूस हो सकती है। आलस्य हावी रहेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# ड्रग्स से बच्चों को बचाना है, तो पेरेंट्स ध्यान दें

ड्रग्स हमारी सेहत के लिए कितना खतरनाक है, ये तो हम सभी जानते हैं। वहीं आज के समय की बात करें तो बच्चे कई तरह के दबावों से गुजरते हैं। उन पर भी तनाव का बोझ होता है। चाहे पढ़ाई का तनाव हो या फिर दोस्ती में धोखेबाजी, या फिर सोशल मीडिया का असर ही क्यों न हो। ऐसे में नशे की आदतें जैसे शराब, सिगरेट, ड्रग्स या वेपिंग बच्चों की लाइफ का हिस्सा कब बन जाती हैं, किसी को मालूम ही नहीं चलता है।




हम आपको कुछ ऐसी जानकारी देंगे जिससे पेरेन्ट्स अपने बच्चों को इन बुरी आदतों में फंसने से बचा सकेंगे। आइए उनके बारे में जानते हैं विस्तार से-

### खुलकर और शांत मन से बात करें

अगर आपका बच्चा किसी बुरी आदत में पड़ चुका है तो उनसे बात करने का सही तरीका आपको जरूर मालूम होना चाहिए। अगर आप उनसे गुस्से में या फिर डांट-फटकार कर बात करते हैं तो इससे वे चिड़चिड़े बन सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप उनसे अकेले में खुलकर बात करें और अपने मन को शांत रखें।

### उनकी बातों को भी सुनें

जब भी आप अपने बच्चों से बात करें तो सिर्फ अपनी कहने के बजाय उनकी बातों को भी प्राथमिकता दें। उनसे पूछें कि वे इस बारे में क्या सोचते हैं। अगर उन्हें नशे के बारे में किसी चीज की जानकारी है, तो आपकी जिम्मेदारी है कि उन्हें सही जानकारी दें।

### नशे से बचने के कारण बताएं

सिर्फ 'मत करो' कहने भर से काम नहीं चलेगा। उन्हें ये समझाना जरूरी है कि नशा उनकी पढ़ाई, करियर पर तो असर डालेगा ही, साथ ही स्किन और हेल्थ को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

### दोस्ती और दबाव से निपटना सिखाएं

कई बार बच्चे दोस्तों के बहकावे में आकर ड्रग्स के चक्कर में पड़ जाते हैं। ऐसे में बच्चों को समझाएं कि दोस्तों को 'न' कहना भी सीखें। इसी में उनकी भलाई है। वे कोई दूसरा बहाना बनाकर वहां से हट सकते हैं।

### खुद एक अच्छा उदाहरण बनें

सबसे पहले पेरेन्ट्स को भी शराब या सिगरेट जैसी चीजों से दूरी बनानी होगी। तभ्सी आप बच्चों को समझा सकते हैं कि ये चीजें क्या नुकसान कर सकती हैं और आप क्यों इनसे दूर रहने की कोशिश कर रहे हैं। ध्यान रहे कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने बड़ों को करते हुए देखते हैं।

### ये बदलाव दिखने पर हो जाएं सतर्क

- अचानक गुस्सा आना
- अचानक से बहुत चुप-चुप रहना
- अकेले रहना
- स्कूल का काम अच्छे से न करना
- बार-बार पैसे मांगना
- शरीर से अजीब सी गंध आना
- नशे से जुड़ा सामान कमरे में मिलना

### क्या करें?

- बच्चों से बात करने से पहले खुद शांत हो जाएं
- बच्चे को दोषी न ठहराएं, उन्हें समझने की कोशिश करें
- किसी डॉक्टर, काउंसलर या एक्सपर्ट की मदद लें
- बच्चों पर नजर रखें
- उस पर दबाव न डालें
- उससे प्यार से पेश आएं
- बातचीत जारी रखें.

# कपड़ों से आ रही अजीब गंध?

## इन देसी ट्रिक्स से पाएं हर धुलाई पर ताजगी और खुशबू!

मानसून ने दस्तक दे दी है और बारिश की फुहारों के साथ नमी का असर भी घरों में महसूस होने लगा है. खासतौर पर गीले कपड़ों से उठती सीलन और फफूंदी जैसी बदबू ने हर किसी को परेशान कर रखा है. चाहे आप कपड़े धूप में सुखा भी लें, फिर भी कई बार उनमें अजीब सी महक बनी रहती है. ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो नीचे बताए गए घरेलू उपाय अपनाकर आप कपड़ों को फिर से ताजगी और खुशबूदार बना सकते हैं.

### बेकिंग सोडा का कमाल

बेकिंग सोडा न केवल सफाई के लिए उपयोगी है, बल्कि यह बदबू को भी सोख लेता है. कपड़े धोते समय एक चम्मच बेकिंग सोडा डाल दें. यह सीलन की दुर्गंध को दूर करता है और कपड़ों को फ्रेश बनाता है.

### सिरका है रामबाण

सफेद सिरका को आप नेचुरल फैब्रिक सॉफ्टनर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं. कपड़े धोने के अंतिम रिंस में आधा कप सिरका डाल दें.यह बैक्टीरिया और फंगस को खत्म कर बदबू हटाने में मदद करेगा.



बारिश के मौसम में धूप की मार कम हो जाती है, लेकिन जब भी धूप निकले, उस समय कपड़े बाहर सुखाएं.साथ ही, कपड़े सुखाने के लिए एयर फ्रेशनर या सुखाने वाली मशीन (dryer) का भी सहारा लिया जा सकता है.

### एसेंशियल ऑयल्स का करें उपयोग

लैवेंडर, लेमनग्रास या टी ट्री ऑयल जैसे एसेंशियल ऑयल्स की कुछ बूंदें पानी में मिलाकर अंतिम रिंस में डालें या एक कॉटन बॉल पर लगाकर वॉर्डरोब में रखें. इससे कपड़ों में ताजगी बनी रहती है.

### वॉशिंग मशीन की सफाई भी जरूरी

कई बार बदबू का कारण आपकी वॉशिंग मशीन ही होती है.महीने में कम से कम एक बार मशीन को बेकिंग सोडा और सिरका से क्लीन करें ताकि उसमें जमा बैक्टीरिया साफ हो जाए.

मानसून का मौसम जहां ठंडक और हरियाली लेकर आता है, वहीं यह सीलन और बदबू जैसी परेशानियां भी साथ लाता है. लेकिन थोड़ी सी समझदारी और यह घरेलू टिप्स अपनाकर आप अपने कपड़ों को हर मौसम में ताजा और महकता हुआ रख सकते हैं.

कपड़ों को प्लास्टिक में स्टोर करने से बचें. हमेशा अच्छे वेंटिलेशन वाली जगह पर रखें और अलमारी में नेफ्थलीन बॉल्स या कापूर भी रख सकते हैं.

# बालों में पनप रहे हैं जूं व लीख?

### इन उपायों से मिलेगा आराम

मानसून सीजन आते ही लोगों के बाल खुजलाने लगते हैं. दरअसल, मानसून के सीजन में अगर बालों की सही तरह से देखरेख ना की जाए तो उनसे जुड़ी कई परेशानियां हो सकती हैं. इनमें से एक है बालों के अंदर जू और लीख का पनपना. इस मौसम में नमी बढ़ने के कारण बाल और स्कैल्प काफी चिपचिपे हो जाते हैं. जिस कारण बालों में जू और लीख पैदा होने लगते हैं.

इस वजह से न सिर्फ बालों में खुजली होती है, बल्कि यह एक इंसान से दूसरे इंसान के बालों में भी चले जाते हैं. कुल मिलाकर अगर इस समस्या को समय पर कंट्रोल न किया जाए तो ये वायरल की तरह फैल जाती है और बहुत परेशान करती है. खासकर रात में नींद खराब होती है और कई बार तो खुजला-खुजलाकर स्कैल्प चोटिल भी हो जाती है.

बालों में जू और लीख की समस्या से लोग बहुत परेशान होते हैं. हालांकि, जू और लीख को बालों से दूर रखने के लिए आप कुछ आसान उपाय अपना सकते हैं. इस बारे में जानकारी देते हुए पूर्णिया जिला औषधालय केंद्र के



आयुर्वेदाचार्य डॉ. नंदकुमार मंडल कहते हैं कि बरसात के मौसम में बालों में नमी होने के कारण जू और लीख बनते हैं. हालांकि इन्हें आसानी से हटाया जा सकता है. सबसे जरूरी है साफ-सफाई. जल्दी-जल्दी बाल धोएं और सुखाएं भी, गीले बाल न बांधें.

### नीम के पत्तों का पेस्ट और नारियल तेल

उन्होंने बताया कि बालों से जू और लीख का पूरी तरह सफाया करने के लिए आप नीम के पत्तों का पेस्ट इस्तेमाल करें. नीम के पत्तों का पेस्ट बनाकर अपने बालों में कुछ मिनट के लिए लगा दें, फिर इसे अच्छी तरह साफ पानी से धो लें.

या फिर आप नारियल तेल में कपूर डालकर भी अपने बालों की जड़ों में लगाकर मालिश करें और फिर शैंपू की मदद से बालों को अच्छी तरह धो लें और सुखा लें. इस तरह के लगातार प्रयोग से आप देखेंगे कि कुछ ही दिनों में जू और लीख पूरी तरह खत्म हो जाएंगे.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### विजिलेंस के बिछाए जाल में फंस गया आरपीएफ कांस्टेबल, 40 हजार की रिश्वत लेते तीन गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर.** यूपी के अम्बेडकरनगर में आरपीएफ कांस्टेबल समेत तीन लोग थोड़े से लालच पकड़े गए। उन्होंने रेलवे एक्ट के मुकदमे से नाम निकलने के बदले 40 हजार रुपये की घूस मांगी थी। 20 हजार रुपये पीड़ित ने दे दिए थे, 20 हजार बकाया थे। शिकायत के बाद विजिलेंस ने जाल बिछाया और तीनों धर दबोचे गए। इसमें आरपीएफ का कॉस्टेबल और बिचौलिए की भूमिका निभाने वाला रेलवे का वेंटर शामिल है। टीम तीनों को शुक्रवार की मध्यरात्रि में लखनऊ ले गई और जेल भेज दिया है। करीब दो माह पहले टांडा अकबरपुर रेलखंड के रेलवे फाटक को एक ट्रैक्टर ने तोड़ दिया था और ट्राली ट्रैक पर फंस गई थी। इसमें आरपीएफ पोस्ट अकबरपुर में रेलवे एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। पोस्ट के प्रभारी इंस्पेक्टर जीएस गौतम ट्रैक्टर मालिक से उसका नाम मुकदमें से विवेचना में निकाल देने का आश्वासन दिया और बदले में एक लाख रुपए की मांग की। मुकदमें से नाम निकालने का सौदा 60 हजार रुपए में तय हो गया। साथ ही 20 हजार रुपए ले भी लिया गया था। 40 हजार देने के लिए ट्रैक्टर मालिक ने समय लिया था।

### मथुरा में घरेलू कलह में डबल मर्डर

**मथुरा.** मथुरा के थाना गोविंदनगर के अंतर्गत श्रीकृष्ण जन्मस्थान गेट नम्बर तीन के पास कटरा केशव देव निवासी युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते चाकू से गोदकर भाई और भतीजी की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। मथुरा के कटरा केशव देव, मल्लपुरा में खिल्लन और संजय समेत पांच भाई रहते हैं। बताते हैं कि खिल्लन और संजय में मकान को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों में विवाद हो गया। इस दौरान अन्य परिजनों ने दोनों को शांत कराया और खिल्लन घर से बाहर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बाद उसने घर आकर संजय पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। उसकी चीख सुन उसकी 18 वर्षीय बेटी अंजलि ने पिता को बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने भतीजी पर भी प्रहार कर दिये। इनकी चीखपुकार सुन आसपास के पड़ोसियों को घर की ओर आता देख खिल्लन भाग गया।

### युवक का अपहरण कर खदरा में कत्ल

**रायबरेली.** रायबरेली के नयापुरवा निरालानगर से 40 वर्षीय साजिद का अपहरण कर शुक्रवार देर रात खदरा में कत्ल कर दिया गया। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे फरार हो गए। जानकारी के अनुसार साजिद के परिवारीजनों ने रायबरेली में ही रहने वाले मुन्ना घोसी और उनके घरवालों पर हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह के मुताबिक मुन्ना के बेटे की हत्या कुछ साल पहले हुई थी। उसमें साजिद आरोपित था और जेल गया था। साजिद जमानत पर छूटा था। आरोप है कि उसके बाद मुन्ना और उसके परिवारीजन उसे बहला फुसलाकर किसी बहाने से खदरा लाए। यहां पानी की टंकी के पास उसकी चापड़ और हथौड़े से प्रहार कर हत्या कर दी गई।

# केदारनाथ हाईवे फिर बंद

- लैंडस्लाइड के बाद मलबे को हटाने का काम जारी

**नई दिल्ली.** उत्तराखंड मौसम एक बार फिर बिगड़ चुका है. पहाड़ी इलाकों में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है. बारिश और भूस्खलन के कारण बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे जगह-जगह बंद हो गए हैं, जिससे चारधाम यात्रा पूरी तरह ठप हो गई है. हजारों तीर्थयात्री विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं, और प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है. केदारनाथ धाम को जोड़ने वाला सोनप्रयाग-गौरीकुंड मोटरमार्ग कई स्थानों पर मलबा और बोल्डर गिरने के कारण बंद है. मुनकटिया के पास लगातार भूस्खलन होने से यह मार्ग पूरी तरह बंद है, जिसके चलते आज केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू नहीं हो सकी. पुलिस और SDRF ने यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका है और वैकल्पिक मार्गों से उनकी आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है.


उत्तराखंड के सोनप्रयाग में केदारनाथ रूट पर NDRF ने लोगों का रेस्क्यू किया।

- **चारधाम यात्रा पर असर**

चारधाम यात्रा जोकि मई के पहले हफ्ते से शुरू हुई थी. इस पर बारिश और भूस्खलन का गंभीर प्रभाव पड़ा है. केदारनाथ यात्रा में पहले रोजाना 24-25 हजार यात्री पहुंच रहे थे, लेकिन बारिश के कारण यह संख्या घटकर 16 हजार तक रह गई है. हेली सेवाएं भी मानसून के चलते बंद कर दी गई हैं. बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब, और अन्य पर्यटन स्थलों पर जाने वाले यात्री भी सिरोबगड़, पिनौला, और पातालगंगा जैसे भूस्खलन जोन में फंस रहे हैं.

- बद्रीनाथ हाईवे सिरोबगड़ में अवरुद्ध

ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोबगड़ में देर रात से बंद है. भारी बारिश के कारण पहाड़ी से मलबा और बोल्डर सड़क पर आ गए, जिस कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया है. चमोली पुलिस के मुताबिक सिरोबगड़, भनेरपानी, और पीपलकोटी के पास हाईवे अवरुद्ध है, और सड़क खोलने का काम जारी है. हजारों यात्री जोशीमठ, गोविंदघाट, और पांडुकेश्वर में फंसे हुए हैं, जिन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बारिश और भूस्खलन के बावजूद सीमा सड़क संगठन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीमें मलबा हटाने में जुटी हुई हैं. चमोली और रुद्रप्रयाग पुलिस ने यात्रियों से धैर्य रखने और खराब मौसम में यात्रा से बचने की अपील की है. मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसके चलते यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

मौसम विभाग ने आज देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। UP-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# अब मोबाइल के जरिए भी हो सकेगा मतदान !

- बिहार बनेगा पहला राज्य; EC ने क्या बताया?

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदान को लेकर एक नया बदलाव होने जा रहा है। बिहार देश का ऐसा पहला राज्य बनने जा रा है जहां पर फोन के जरिए मतदान का प्रयोग किया जा सकेगा। बिहार राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। उनकी यह टिप्पणी पटना, रोहतास और पूर्वी चंपारण की छह नगर परिषदों के लिए शनिवार को होने वाले मतदान की पहले आई है। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आगामी विधानसभा चुनाव में फोन के जरिए मतदान होगा या नहीं।

प्रसाद ने कहा, ₹इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाताओं को E-SECBHR ऐप इंस्टाल करना होगा। इसके बाद मतदाता सूची में एड अपने नंबर से इसको लिंक करना होगा। यह ऐप फिलहाल केवल एंड्रायड फोन में ही काम करेगा इस ऐप को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग ने बनाया है, जबकि एक और ऐप है जिसको बिहार चुनाव आयोग ने बनाया है।₹

- **कौन कर सकता है ई-वोट?**

बिहार चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि यह सुविधा उन लोगों को मिलेगी जो मतदान केंद्र पर जाकर वोट नहीं डाल पाते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन वोट करने के लिए मतदाताओं के फोन में एक ऐप इंस्टॉल होना चाहिए। इस सुविधा का लाभ वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, गर्भवती महिलाएं और दूसरे राज्यों में रहने वाले मतदाता कर सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने इस संबंध में 10 से 22 जून तक जागरुकता अभियान भी चलाया था।

# अहमदाबाद विमान हादसा - पायलट ने 2000 से ज्यादा जानें बचाईं

- कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया था प्लेन
- 3 सेकंड की देरी से बहुत बड़ी तबाही होती

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद में 12 जून को एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या हजारों में हो सकती थी। हालांकि, कैप्टन सुमीत सभरवाल (56) की सूझबूझ की वजह से कई जानें बच गईं। सूत्रों के अनुसार, कैप्टन सुमीत को जब ये अहसास हो गया कि वे विमान क्रैश होने से नहीं रोक सकेंगे तो उन्होंने जानबूझकर विमान को ऐसी जगह गिराया जहां नुकसान कम से कम हो।

बोइंग 787 विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर गिरा। यह इलाका कम आबादी वाला था, लेकिन इसके चारों ओर घनी बस्ती और तीन बड़े अस्पताल हैं। विमान 3 सेकंड पहले या बाद में गिरता, तो



तबाही बहुत बड़ी होती। क्रैश साइट के दाईं ओर मिलिट्री हॉस्पिटल है। आगे सिविल अस्पताल और थोड़ी दूरी पर गुजरात कैंसर सोसाइटी मेडिकल कॉलेज भी है।

- **3 सेकेंड पहले या बाद में गिरता तो 1200 लोग और मारे जाते**

दुर्घटना के बाद हादसे की जगह की जांच के दौरान मौजूद एक विमानन अधिकारी ने बताया कि गिरते हुए विमान की ट्रैजेक्टरी के अनुसार यह सीधा 1200 बेड वाले सिविल हॉस्पिटल पर क्रैश होने जा रहा था। शुरुआती जांच से पता चलता है कि पायलट ने इसे कुछ सेकंड पहले ही डाउन कर दिया। इससे, यह मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की छत से फिसलते हुए पेड़ों के बीच गिरा।

अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

### एक्सप्रेस वे पर लग्जरी बस की ट्रक से टक्कर; 3 की मौत

**फिरोजाबाद.** फिरोजाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां थाना नगला खंगर क्षेत्र के किलोमीटर 68.300 पर दिल्ली से 4 दर्जन से अधिक सवारियां लेकर जालौन जा रही एक लग्जरी बस टाइल्स से भरे ट्रक से टकरा गई। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 2 यात्री घायल हो गए। मृतकों में एक ज्ञात और दो अज्ञात हैं। अज्ञात यात्रियों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# IPS पराग जैन RAW चीफ बने

- 1 जुलाई से चार्ज संभालेंगे
- दो साल का कार्यकाल रहेगा
- एविएशन रिसर्च सेंटर के प्रमुख भी हैं



**नई दिल्ली.** भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के IPS पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं।

पराग लंबे से RAW से जुड़े हैं। उन्होंने RAW के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने और बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे अहम मिशन पर काम किया है।

पराग एविएशन रिसर्च सेंटर (ARC) के प्रमुख भी हैं, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी शिविरों की पहचान में अहम भूमिका निभाई थी। पराग जैन एसएसपी चंडीगढ़ और डीआईजी लुधियाना के पद पर भी रहे हैं।

पंजाब में ड्यूटी के दौरान उन्होंने आतंकवाद विरोधी कई ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैन ने कनाडा-श्रीलंका में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। कनाडा में तैनाती के दौरान उन्होंने खालिस्तान समर्थक नेटवर्क उजागर किया था।

- रवि सिन्हा 30 जून को रिटायर हो रहे

30 जून 2023 को छत्तीसगढ़ कैडर के सीनियर IPS अधिकारी रवि सिन्हा को भारत की खुफिया एजेंसी RAW (रिसर्च एंड एनालिसेस विंग) का नया चीफ नियुक्त किया गया था। उन्होंने तत्कालीन RAW चीफ सामंत कुमार गोयल की जगह ली थी।


रवि सिन्हा बिहार के भोजपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। रवि ने साल 1988 में UPSC की परीक्षा पास की। उन्हें भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के तौर पर मध्य प्रदेश कैडर मिला।

साल 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल इलाकों को काटकर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की। तब सिन्हा तकनीकी रूप से छत्तीसगढ़ कैडर में चले गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक IPS रवि सिन्हा को 'ऑपरेशन मैन' के नाम से भी जाना जाता है। वो खुफिया तरीके से काम करने के लिए जाने जाते हैं।

### महिला न्यूज एंकर का घर में पंखे से लटका मिला शव

- आत्महत्या की आशंका



**हैदराबाद.** हैदराबाद में एक प्रमुख तेलुगु समाचार चैनल की 40 वर्षीय पत्रकार और एंकर ने अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्वेच्छा वी. का शव शुक्रवार रात को उनके घर में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, महिला पत्रकार के पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें उन्होंने एक व्यक्ति को अपनी बेटी की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने पत्रकार की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर अपने एक पोस्ट में लिखा, 'स्वेच्छा वोटारकर के दुर्भाग्यपूर्ण मौत की खबर से दुख हुआ। वह एक निडर पत्रकार, लेखिका और तेलंगाना की समर्पित नागरिक थीं। मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं।'

# मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

**कोलकाता गैंगरेप केस** शरीर पर काटने, खरोंच के निशान

- TMC नेता बोले- दोस्त ही दोस्त का रेप करे, तो क्या करें

**कोलकाता.** कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (CNMC) में की गई थी।

कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है।

गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था।

वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया।



TMC सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है।

घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।

# AI ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

- अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न
- डांस का वीडियो सामने आया

**नई दिल्ली.** एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर AISATS के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी।

एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से



प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।'

- अब इस पूरे मामले को समझिए

वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एअर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून AISATS के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी। ये खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों को निंदा की। कहा कि एयर इंडिया के प्लेन क्रैश के बाद कोई कैसे जश्न मना सकता है। यूजर एअर इंडिया की संवेदनशीलता पर सवाल उठा रहे थे। इस दौरान एयरलाइन को भी ट्रोल किया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी।

### 16 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत और 25 घायल

- विस्फोटक से लदे वाहन ने सैन्य काफिले को मारी टक्कर,

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को एक आत्मघाती हमला हुआ। इसकी चपेट में आने से 16 सैनिकों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हैं, जिनमें सैन्यकर्मी और नागरिक दोनों शामिल हैं। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से लदे वाहन को सैन्य काफिले में टक्कर मार दी। इससे 16 सैनिकों की जान चली गई और 6 सैन्यकर्मी व 19 नागरिक घायल हो गए। हमले में दो घरों की छतें ढह गईं, जिसके कारण छह बच्चे भी घायल हुए हैं। पाकिस्तान तालिबान की हाफिज गुल बहादुर शाखा ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। एक प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार, 4 घायल सैनिकों की हालत गंभीर है।

# पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे



- 9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे भगवान
- दो दिन की रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे

**पुरी.** ओडिशा के पुरी में सालाना जगन्नाथ यात्रा का शनिवार को दूसरा दिन था. सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरू हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरू किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंचे. मुख्य मंदिर से गुंडिचा मंदिर की दूरी 2.6 किमी दूर है। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे।

- **घुटन के कारण 625 श्रद्धालु बीमार; नौ की हालत गंभीर**

ओडिशा के पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान कुछ लोगों ने घुटन की शिकायत की और कई लोग उमस के कारण बेहोश हो गए। इसके तुरंत बाद मौके पर एम्बुलेंस को बुलाया गया और प्रभावित लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। रिपोर्ट की माने तो इस दौरान 625 से ज्यादा लोगों के घुटन से बीमार होने की खबर सामने आ रही है। वहीं इसमें नौ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ऋषभ पंत लगातार तीसरा शतक लगाकर बना सकते हैं इतिहास

- इंग्लैंड में द्रविड़ के बाद दूसरे भारतीय बन सकते हैं
- 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट



भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक और शतक के साथ डॉन ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़ और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हो सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में 2 जुलाई से दूसरा टेस्ट शुरू होगा। लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पंत ने दोनों इनिंग में सेंचुरी लगाई थी। उन्होंने पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। हालांकि भारत यह मैच 5 विकेट से हार गया था।

अगर पंत एजबेस्टन टेस्ट में एक और शतक लगाते हैं, तो वे इंग्लैंड में लगातार 3 टेस्ट शतक लगाने वाले सिर्फ सातवें विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में अब तक डॉन ब्रैडमैन, वॉरेन बार्डस्ले, चार्ल्स मैकार्टनी, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा और डेरिल मिचेल शामिल हैं।

राहुल द्रविड़ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय हैं, जिन्होंने 2002 में नॉटिंघम (115 रन), लीड्स (148 रन) और द ओवल (217 रन) में लगातार शतक लगाए थे। डेरिल मिचेल ने 2022 में लॉर्ड्स (108 रन), नॉटिंघम (190 रन) और लीड्स (109 रन) में यह कारनामा किया।

**पंत के रिकार्ड्स...**

भारतीय विकेटकीपर के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं। उनके अब 8 शतक हो चुके हैं।
पंत SENA देशों (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में किसी भी एशियाई विकेटकीपर द्वारा सबसे ज्यादा रन बना चुके हैं। उनके 27 मैच में 1933 रन हैं। इसमें 6 शतक और 5 फिफ्टी शामिल है।
पंत पहले भारतीय विकेटकीपर हैं, जिन्होंने टेस्ट के एक इनिंग की दोनों पारियों में शतक लगाया है।

# केरल के स्कूलों में जुम्बा क्लास

- मुस्लिम संगठन का विरोध : बोले- ये अश्लीलता
- शिक्षा मंत्री ने कहा- ऐसी सोच ड्रग्स से ज्यादा जहरीली

**तिरुवनंतपुरम.** केरल के स्कूलों में इस साल से जुम्बा क्लास शुरू की जाएंगी। कुछ स्कूलों में ये क्लास शुरू भी हो गई है। मुस्लिम संगठनों ने जुम्बा डांस का विरोध किया है। इन संगठनों ने लड़के-लड़कियों के एक दूसरे के साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर साथ में डांस करने पर ऐतराज जताया है।

मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह अश्लीलता को बढ़ावा देने जैसा है। हमें इसे स्वीकार नहीं करेंगे। विजडम इस्लामिक संगठन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा- मेरा बेटा इस सेशन में भाग नहीं लेगा। केरल शिक्षा विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम शुरू किया है। इसी के तहत कई स्कूलों ने जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि ऐसी सोच समाज में नशीली दवाओं से भी ज्यादा घातक जहर घोल देंगी।

- **फिटनेस के नाम पर अश्लीलता ना थोपें**



एक मुस्लिम संगठन समस्ता के नेता नसर फैजी कूदाथाई ने इस कदम को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन और शारीरिक फिटनेस के नाम पर अश्लीलता थोपना बताया। उन्होंने कहा- जुम्बा में कम से कम कपड़े पहनकर साथ में डांस किया जाता है। अगर सरकार ने बड़े बच्चों को भी ऐसा करने का निर्देश दिया है, तो यह आपत्तिजनक है।
नसर फैजी ने कहा, मौजूदा फिजिकल ट्रेनिंग को बेहतर बनाने के बजाय, हमें अश्लीलता करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह उन छात्रों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन है, जिनके नैतिक मूल्य भी डांस करने की अनुमति नहीं देते हैं।

# दुबई-जयपुर फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़

- गलत तरीके से छुआ
- विमान में शराब पी रहे पैसेंजर को रोका

**जयपुर.** दुबई से जयपुर आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर (एयर होस्टेस ) के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। उसने एयर होस्टेस को गलत तरीके से टच किया था। आरोप है कि पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा। पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने CISF जवानों को बुलाया। CISF ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। एअर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी की शिकायत दी गई है।

**क्रू मेंबर ने बड़ी मुश्किल से ग्लास लिया**

शुक्रवार की रात 12:45 पर फ्लाइट IX-196 दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। रात 2:40 बजे फ्लाइट जयपुर पहुंची थी। आरोप है कि 15-B सीट पर पैसेंजर (युवक) शराब पी रहा था। उससे एयर होस्टेस ने पूछा- यह क्या कर रहे हैं? युवक ने जवाब दिया- संतरे का जूस पी रहा हूं।

एयर होस्टेस ने कहा कि यह जूस नहीं शराब है। इसे युवक ने 'दुबई ड्यूटी फ्री' (शॉप) से खरीदा था। स्टाफ ने फ्लाइट में शराब पीने से मना किया। पैसेंजर से ग्लास देने के लिए कहा। वह बहस करने लगा। एयर होस्टेस ने अन्य क्रू मेंबर की मदद से ग्लास ले लिया। इसके बाद पैसेंजर ने नशे में हंगामा करना शुरू कर दिया।

## महिला मित्र का दुष्कर्म करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



**भिवंडी.** भिवंडी से एक ऑप्टिशियन को 27 वर्षीय महिला मित्र का दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी और महिला के बीच प्रेम संबंध थे। शिकायतकर्ता ने एफआईआर में बताया कि आरोपी ने खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर अप्रैल से जून के बीच उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। आगे की जांच जारी है।

# भिवंडी में नहीं थम रहा अवैध बिल्डिंगों का निर्माण

- भ्रष्ट अधिकारियों के समक्ष प्रशासक भी बेबस

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर की लाख सख्ती के बावजूद मनपा के भ्रष्ट, कामचोर अधिकारियों की बदौलत शहर में अवैध निर्माण कार्यों पर कोई अंकुश नहीं लग रहा है.भ्रष्ट क्षेत्रीय वार्ड सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक की टीम बिल्डरों से मुंहमांगा पैसा लेकर अवैध निर्माण को संरक्षण देते है और मनमाफिक डिमांड नहीं पूर्ण होने पर एमआरटीपी का नोटिस देकर अवैध निर्माण को जमींदोज करने का दिखावा करती है.वराला देवी तालाब के सामने



करीब 2 वर्षों की लंबी अवधि में अवैध रूप से भगवान मलेशम उपुल्ला द्वारा निर्मित 5 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर में निर्मित 12 दुकान की दीवार को मनपा प्रभाग क्रमांक समिति 3 के प्रभारी सहायक आयुक्त सुरेन्द्र भोईर की टीम ने जेसीबी मशीन से छेद कर ध्वस्त करने की शुरुआत की है.अवैध इमारत की प्रथम मंजिल पर रहने वाले परिवार को इमारत खाली करने की नोटिस देने की प्रक्रिया शुरू की है.जनहित सामाजिक संस्था ने मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर से मनपा क्षेत्र में अवैध निर्माण रोकने में अक्षम,भ्रष्ट वार्ड अधिकारी, बीट निरीक्षक,सर्वेयर आदि पर सख्त एक्शन लेने की मांग की है.

गौरतलब हो कि,मनपा प्रशासक अनमोल सागर ने करीब 4 माह पूर्व पदभार संभालते ही मनपा अधिकारियों से शहर में शुरू अवैध इमारत निर्माण रोकने की कड़क हिदायत दी थी.सूत्रों की माने तो भिवंडी मनपा अंतर्गत 5 प्रभाग समितियों की हद में करीब 150 से अधिक अवैध बिल्डिंगों का निर्माण क्षेत्रीय सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक,सर्वेयर के संरक्षण में डिमांड पूरी कर भूमाफिया मस्ती से कर रहे हैं.जागरूक लोगों की माने तो प्रशासक राज के करीब 3 वर्षों में शहर में अवैध निर्माण बेहद तेजी से बढ़ा है.

भ्रष्ट अधिकारी एवं भूमाफिया,बिल्डर की मिलीभगत से शुरू इमारतों के अवैध निर्माण से मनपा राजस्व का करोड़ों रुपए का नुकसान प्रति वर्ष हो रहा है.बिल्डर सिर्फ क्षेत्रीय सहायक आयुक्त एवं टीम कर्मियों की डिमांड पूर्ण कर भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से शहर का सत्यानाश कर चुके हैं.

### सहायक आयुक्त, बीट निरीक्षक हो रहे मालामाल

शहर में शुरू इमारतों के अवैध निर्माण से क्षेत्रीय सहायक आयुक्त,बीट निरीक्षक,सर्वेयर सब मालामाल हो रहे हैं .जागरूक नागरिकों की बारम्बार शिकायत की भी कोई सुनवाई नहीं होती बावजूद अधिकारी बिल्डर से मिलकर शिकायतकर्ता का मुंह बंद करने की खातिर कभी कभार पैसा देने और धमकी देकर चुप कराते देखे जाते हैं .शिकायतकर्ताओं के अनुसार,मनपा प्रभाग क्रमांक 1 से 5 अंतर्गत सीमा में अवैध निर्माण तेजी से शुरू होने के बाद भी अधिकारी पैसा लेकर चुप्पी साधे हुए हैं .बारम्बार शिकायत के बाद दिखावे के लिए आंशिक रूप से तोड़क कार्यवाही अंजाम देकर कुछ समय बाद अवैध निर्माण का मामला दबा दिया जाता है .शहर में सैकड़ों निर्माण तोड़े जाने के बाद भ्रष्ट अधिकारियों के सहयोग से दुबारा निर्माण हो गए हैं .बिल्डर फिर अवैध इमारत के तोड़े गए हिस्से की मरम्मत कर इमारत को ग्राहकों को बेच कर पल्ला झाड़ लेता है .मनपा अधिकारी दिखावे के लिए एमआरटीपी दाखिल करते हैं जिसकी स्टे,जमानत आसानी से बिल्डर लेकर दुबारा निर्माण कार्य में जुट जाते हैं . भ्रष्ट अधिकारियों की बदौलत जारी अवैध निर्माण से शहर अवैध निर्माण की भेंट चढ़ चुका है .

## 16 लाख रुपये मूल्य का माल चुराने वाले 5 ड्राइवरों पर केस

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने निर्यात के लिए जेएनपीटी जा रहे खेप से 16 लाख रुपये मूल्य का माल चुराने के आरोप में एक ट्रक के पांच चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्तियों ने नवंबर 2024 और जनवरी 2025 के बीच ट्रक में जीपीएस बंद करके लाल मिर्च और चावल की खेप कथित तौर पर चुरा ली। उन्होंने बताया कि 23 जून को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस जांच कर रही है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## उपमुख्यमंत्री ने मनपा क्षेत्र में विकास कार्यों का उद्घाटन



**ठाणे.** शहर बदल रहा है सुविधाएं आ रही हैं क्लस्टर योजना के तहत 2020 तक सभी को घर मिलेगा।राज्य की जनता को पता है कि वह दिया गया वचन पूरा करता है, ऐसा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शहर में विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास के अवसर पर कहा।दादोजी कोंडदेव क्रीड़ा सभागृह में नवीनीकृत बैठक व्यवस्था का उद्घाटन, खांडू रंगणेकर बैडमिंटन हॉल विस्तार परियोजना का उद्घाटन, जांभली नाका में अनाद दिघे टॉवर की नई संरचना का शिलान्यास, ठाणे स्टेशन क्षेत्र सौंदर्यीकरण परियोजना का शिलान्यास, छत्रपति संभाजी महाराज उद्यान का उद्घाटन और जल उपचार केंद्र का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया।इसके बाद उन्होंने शेठ लखमीचंद फतेहचंद प्रसूति अस्पताल का लोकार्पण किया। उन्होंने वहां जनता से संवाद भी किया। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सांसद नरेश म्हस्के और पूर्व नगरसेविका मालती पाटिल के साथ ही मनपा अधिकारियों द्वारा किए गए अनुगमन के कारण यह उत्कृष्ट प्रसूति अस्पताल बना है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मनपा अब इसकी व्यवस्था को ठीक से बनाए रखे। अटकोली में मिसाइल प्रक्षेपण स्थल पर एक बगीचा खिल रहा है।

### मनपा आयुक्त ने दिया विस्तृत प्रस्तुतीकरण

इससे पहले मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सभी परियोजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। एक मोबाइल सर्वसुविधायुक्त क्लिनिक उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अपने परिचय में यह भी कहा कि नालियों का काम शुरू हो गया है। गुरुवार शाम को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने विशेष निधि से कार्यान्वित और चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के, मनपा आयुक्त सौरभ राव, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, पूर्व महापौर अशोक वैती, मीनाक्षी शिंदे, पूर्व परिवहन सभापति विलास जोशी, पूर्व नगरसेविका मालती पाटिल, रमाकांत पाटिल, भरत चव्हाण, पूजा वाघ, सुधीर कोकाटे, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनागरा, ठाणे जिला शहर और जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष श्रीकांत वाड, उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त मीनल पलांडे, उपनगर अभियंता शुभांगी केसवानी, सहायक आयुक्त सोपान भाईक, राजेश सोनवने, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, डॉ. वर्षा ससाने, डॉ. रानी शिंदे, वृक्ष अधीक्षक केदार पाटिल आदि उपस्थित थे।

# राज्य में भाजपा सही लेकिन ठाणे जिले में शिवसेना बड़ा भाई है -मंत्री भरत गोगावले

### भिवंडी में शिवसेना लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन समारोह संपन्न

**भिवंडी.** वैसे तो राज्य में भाजपा बड़ा भाई है, लेकिन ठाणे जिला शिवसेना, शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे, धर्मवीर आनंद दिघे के सिपहसालार एकनाथ शिंदे का गढ़ होने से थाने जिले में शिवसेना बड़ा भाई है.यह बात राज्य के बागवानी और रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावले ने कही. वे भिवंडी तालुका के वडपे स्थित शांगरीला रिसॉर्ट में शिवसेना भिवंडी लोकसभा क्षेत्र कार्यकर्ता मार्गदर्शन बैठक के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे. भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के शिवसेना पदाधिकारियों की यह बैठक शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल के नेतृत्व में आयोजित की गई थी.इस अवसर पर उद्योग मंत्री




उदय सामंत, शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल, विधायक शांताराम मोरे, पूर्व विधायक उपनेता रूपेश म्हात्रे, नीलेश सांबरे, जिला प्रमुख देवानंद थले, संपर्क प्रमुख मदनबुवा नाइक, मारुति धिरडे, मंच पर अरुण पाटिल, शाम पाटिल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे. बैठक में भिवंडी, शाहपुर, मुरबाड और कल्याण तालुका से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे. शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल ने भिवंडी वाडा रोड पर मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एक सुसज्जित एम्बुलेंस शुरू की जिसे भरत गोगावले ने जनता को समर्पित किया. मंत्री गोगावले ने कहा कि,अपनी पार्टी का विस्तार करने का अधिकार सभी को है. ठाणे जिले में सत्ता किसके पास है, यह जगजाहिर है. हमारे नेता जो भी निर्णय लेंगे, हम उसे स्वीकार करेंगे.भिवंडी तालुका की सभी सड़कों पर चल रहे आंदोलन और नीलेश सांबरे को पार्टी में शामिल किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि राजनीति कब और कहां करवट ले लेगी, यह कहना संभव नहीं है.भरत गोगावले ने अंत में कहा कि गड्ढों वाली सड़कों के संबंध में शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल और विधायक शांताराम मोरे ने जिला कलेक्टर कार्यालय में बैठक की है. सड़क के गड्ढे भरने का तत्काल निर्णय लिया गया है.

## आतंकी गतिविधियों से जुड़े साकिब नाचन की मौत

- भिवंडी तालुका के पडघा क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात

**भिवंडी.** कई आतंकी वारदातों में शामिल रहे कुख्यात आरोपी साकिब नाचन की दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है. इस पृष्ठभूमि में बोरीवली और पडघा की सीमाओं पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है.

भिवंडी तालुका के पडघा के पास बोरीवली गांव का साकिब नाचन महाराष्ट्र में स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का शीर्ष पदाधिकारी था.सिमी संगठन पर प्रतिबंध लगने के बाद वह आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ गया था.आतंकी वारदातों में सजा काटकर 2017 में घर लौटे साकिब ने अपनी गतिविधियां नहीं रोकी और एक बार फिर इस इलाके में आतंकी गतिविधियां शुरू कर दीं.आईएसआईएस के महाराष्ट्र मॉड्यूलर के रूप में आतंकी वारदात के मास्टरमाइंड के रूप में साकिब का नाम प्रकाश में आने के बाद एनआईए ने 9 दिसंबर 2023 को साकिब नाचन को गिरफ्तार किया तब से वह



तिहाड़ जेल में था. तबीयत बिगड़ने पर उसे वहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सूत्रों के अनुसार साकिब नाचन 1990 के दशक में खालिस्तानी आतंकवादियों से जुड़ा था.उसे सीबीआई ने गिरफ्तार किया था. उसे गुजरात आतंकी मामलों में दोषी ठहराया गया और गुजरात टाडा कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई. 2002-2003 में मुंबई सेंट्रल, विलेपार्ले, मुलुंड में हुए मुंबई सीरियल ब्लास्ट में उसकी संलिप्तता साबित हुई, जिसमें उसे करीब 10 साल जेल की सजा सुनाई गई.साकिब नाचन ने ठाणे के भिवंडी तालुका स्थित बोरीवली गांव को एक स्वतंत्र इस्लामिक राज्य स्थापित करने की कोशिश की थी.

## 51 IPS और 81 राज्य पुलिस अधिकारियों का तबादला

**मुंबई.** महाराष्ट्र के गृह विभाग ने शुक्रवार को बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें 51 आईपीएस (आईपीएस) और 81 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। ये तबादले मुंबई, पुणे, नागपुर, नाशिक और छत्रपति संभाजीनगर जैसे प्रमुख शहरों में हुए हैं। पुणे के हथियार निरीक्षण शाखा में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात तेजस्वी सातपुते को अब राज्य रिजर्व पुलिस बल (SRPF) ग्रुप 1, पुणे का कमांडर बनाया गया है। ठाणे शहर में तैनात डीसीपी महेन्द्र पंडित को मुंबई ट्रांसफर किया गया है।

पुणे की डीसीपी स्मार्टना पाटिल को खंडाला के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र भेजा गया है, जबकि ट्रैफिक डीसीपी अमोल झेंडे को एसआरपीएफ, दौंड का कमांडर नियुक्त किया गया है। कोल्हापुर के एसपी तुषार पाटिल को मुंबई में डीसीपी के रूप में नियुक्त किया गया है। उनके अलावा विजय पवार, सुनील लोखंडे, नम्रता पाटिल और स्मिता पाटिल को भी मुंबई में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) के पद पर नियुक्त किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, कुल 5 आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति के साथ मुंबई में डीसीपी के तौर पर तैनाती दी गई है।

# 'सरकारी अधिकारी की मिलीभगत से चल रहे हैं अनाधिकृत स्कूल'

### विधायक केलकर ने की बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करने की मांग

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शहर में 81 स्कूल अनाधिकृत हैं, जिनमें से 65 अकेले दिवा में हैं।आम छात्रों को नुकसान पहुंचाने वाले इन स्कूलों के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बावजूद यह स्कूल अभी भी चल रहे हैं। शुक्राचार्य कौन हैं जो इन स्कूलों का समर्थन कर रहे हैं? इस पर सवाल उठाते हुए विधायक संजय केलकर ने आरोप लगाया कि इन स्कूल संस्था संचालकों और सरकारी अधिकारी की मिलीभगत से चल रहे हैं। इस समय उन्होंने इन स्कूलों की बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करने की भी मांग की।अनधिकृत निर्माणों की तरह, ठाणे में अनाधिकृत स्कूलों का मुद्दा भी बढ़ रहा है, खासकर मुंब्रा और दिवा इलाकों में। इन स्कूलों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, इसलिए इन स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे आम अभिभावकों और छात्रों के साथ धोखा हो रहा है और छात्रों का



शैक्षणिक भविष्य खतरे में है। आधिकारिक स्कूल एसोसिएशन का दावा है कि शहर के 81 अनाधिकृत स्कूलों में से 65 दिवा इलाके में चल रहे हैं। शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले ही शिक्षा अधिकारियों को अनाधिकृत स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अधिकृत स्कूलों में समायोजित करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन इस निर्देश की अनदेखी की गई है। विधायक केलकर ने आरोप लगाया है कि ये स्कूल चल रहे हैं, क्योंकि इन सभी स्कूलों में सभी तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं और यह सब सरकारी अधिकारी की मिलीभगत से हो रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से अनाधिकृत स्कूलों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए, लेकिन मामले दर्ज होने के बावजूद अभी तक एक भी संस्था संचालक को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस संबंध में हाल ही में अधिकृत स्कूलों के संगठन के पदाधिकारियों ने विधायक संजय केलकर से मुलाकात की थी। उस समय केलकर ने पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे से चर्चा कर सख्त कार्रवाई की मांग की।विधायक केलकर ने बताया कि पुलिस आयुक्त डुंबरे कार्रवाई की समीक्षा करेंगे।

## 'कांटा लगा' फेम शेफाली जरीवाला का निधन

- पुलिस परिजन और हाउसहेल्पर से पूछताछ कर रही
- दावा- कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत

रीमेक सॉन्ग कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई।

अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंच चुकी है और सबूत जुटाए जा रहे हैं। वहीं, अंबोली पुलिस स्टेशन में घर की मेड और कुक से पूछताछ की गई है। परिजन के भी बयान लिए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, शेफाली को बेहोशी की हालत में उनके पति और एक्टर पराग त्यागी, के साथ तीन अन्य लोग शुक्रवार रात मुंबई के अंधेरी स्थित बेलेव्यू अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल के रिसेप्शन स्टाफ ने पुष्टि की है कि शेफाली जरीवाला को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज दिया गया है, जहां उनके परिवार के लोग, करीबी दोस्त और फिटनेस ट्रेनर भी पहुंचे हैं।



ट्रेनर ने बताया कि शेफाली हमेशा अपनी सेहत को लेकर सीरियस रहती थीं। वह सख्त डाइट फॉलो थीं, रोजाना एक्सरसाइज करती थीं। उन्होंने आगे बताया कि दो दिन पहले ही शेफाली से मुलाकात हुई थी। शेफाली को मिर्गी की बीमारी थी, जिसे कंट्रोल में रखने के लिए वह ठंडी चीजें और ड्रिंक्स नहीं लेती थीं। उन्होंने एक ऐसा रूटीन अपनाया था जिससे उन्हें दौरे न आएं।

### संगीतकार हरमीत सिंह से की थी पहली शादी

बता दें, शेफाली जरीवाला ने 2004 में मीत ब्रदर्स के संगीतकार हरमीत सिंह से शादी की थी। 2009 में दोनों का तलाक हो गया था। इसके बाद 2015 में एक्टर पराग त्यागी से शादी कर ली थी।

## पारसिक नगर में खड़ी चार वाहनों पर पेड़ गिरने से हुआ क्षतिग्रस्त

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत समर्थ कांप्लेक्स के पास पारसिक नगर कलवा में सड़क के किनारे दोपहर लगभग 1 बजे दो चार पहिया वाहनों पर अचानक पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गए।इसकी जानकारी आपदा प्रबंधन को मिलते ही घटना स्थल पर आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारी 1 पिकअप वाहन और दमकल कर्मी 1 बचाव वाहन के साथ घटनास्थल पर पहुच कर बचाव कार्य में जुट गए। घटनास्थल पर कोई घायल नहीं हुआ।1 मारुति सुजुकी मालक हर्षद पाटिल,1 महेंद्रा ब्लोरो मालक बसंत कुमार जोशी का है।चार पहिया वाहनों पर गिरे पेड़ को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के



कर्मचारियों और दमकल कर्मियों की मदद से काटकर हटा दिया गया है।

## 3 बांग्लादेशी पकड़े गए

**पुणे.** इंटेलिजेंस और अहिल्यानगर पुलिस के संयुक्त अभियान में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में पकड़ा गया है। तीनों अहिल्यानगर जिले के पोखरदी गांव में निर्माणाधीन स्थल पर काम कर रहे थे। इनकी पहचान 34 वर्षीय जहांगीर शेख, 40 वर्षीय हनीफ खालिद और 40 वर्षीय मुश्रीफ शेख के रूप में हुई है।

एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, जांच में पाया गया कि वे वैध वीजा या अन्य आवश्यक दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किए थे। उनके पास से जाली आधार कार्ड और अन्य फर्जी दस्तावेज मिले हैं। तीनों को भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम 1946 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## दो करोड़ की नशीली दवाएं जब्त

**ठाणे.** पुलिस ने ठाणे जिले में एक फ्लैट से 2.12 करोड़ रुपये मूल्य की 1.93 किलोग्राम नशीली दवाएं (मेफेड्रोन) दवा जब्त की है। मामले में एक युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय, कल्याण) अतुल झेंडे ने बताया कि पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ नेटवर्क के बारे में गुप्त सूचना मिलने पर गुरुवार रात डोंबिवली के पास खोनी गांव



स्थित फ्लैट पर छापा मारा। 21 वर्षीय महिला को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसके दो पुरुष साथी भाग गए, लेकिन बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी एक संगठित ऑपरेशन के सदस्य हैं, जिसमें दो व्यक्ति कथित तौर पर नशीली दवाओं की आपूर्ति और रसद का प्रबंधन करते थे, जबकि महिला ने इसके स्थानीय वितरण और डिलीवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

Staff Required
SINDHI MALE
Qualification
B.COM PASSED
For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN
Qualification-
10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099